## इरफान खान बोले - बाहुबली से लेना है लोहा तो यह तो करना ही होगा



इरफान खान ने कहा, सिनेमा बदल रहा है और इसके दर्शक ज्यादा परिपक्व हो रहे हैं। अगर आप अच्छी कहानी वाली फिल्में पेश कर सकते हैं, तो फिल्म को दर्शक हमेशा अच्छी प्रतिक्रिया देंगे। लेकिन अब मुझे लगता है कि हिंदी सिनेमा को अपना स्तर ऊपर उठाने की जरूरत है। इरफान ने कहा कि बाहुबली ने साबित कर दिया कि दर्शकों को अच्छा विषय चाहिए। अभी तक साउथ इंडियन फिल्मों में अपने शानदार विजुअल इफेक्ट्स के लिए प्रसिद्ध डायरेक्टर राजामौली की फिल्म बाहुबली 2 के जबरदस्त प्रदर्शन ने बॉलीवुड को अपनी तकनीक और क्षमताओं पर सोचने के लिए मजबूर कर दिया है। बाहुबली 2 ने कमाई के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं और अब विशेषज्ञों का मानना है कि इस फिल्म के रिकॉर्ड को तोड़ने के लिए हिंदी फिल्म निर्माताओं को काफी मशक्त करनी पड़ेगी। ऐसे में बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक अपनी एक्टिंग से वाहवाही लूट चुके एक्टर इरफान खान का कहना है कि क्षेत्रीय भाषाओं की शानदार फिल्मों के बीच अपना वजूद कायम रखने के लिए हिंदी सिनेमा को अपना स्तर ऊपर उठाने की जरूरत है। इरफान इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म हिंदी मीडियम के प्रमोशन में लगे हैं। इरफान ने मुंबई में हिंदी मीडियम स्कूल में पढ़ाने वाले टीचरों के लिए अपनी फिल्म हिंदी मीडियम की एक स्पेशल स्क्रीनिंग की। फिल्म हिंदी मीडियम ने देश में अंग्रेजी भाषा बोलने के प्रति बढ़ते आग्रह जैसे मुद्दे को छुआ है। इस बारे में इरफान ने कहा कि अंग्रेजी भाषा जरूरत बन गई है और वह अंग्रेजी भाषा के खिलाफ नहीं हैं। लोगों को ज्यादा से ज्यादा भाषाओं को सीखने की कोशिश करनी चाहिए, लेकिन अपनी मातृभाषा पर गर्व भी करना चाहिए।

## शेखर कपूर के बारे में अनुपम खेर ने कही यह बात







दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर ने फिल्मकार शेखर कपूर की प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह भारत के सबसे बेहतरीन निर्देशकों में से एक हैं। अनुपम 62 ने यह भी कहा कि वह मार्शल आर्ट के दिग्गज व दिवंगत अभिनेता ब्रूसली पर बनने वाली आधिकारिक बायोपिक फिल्म में काम करने के लिए उत्सुक हैं। अनुपम ने ट्वीट किया, हमारे देश के बेहतरीन निदेशकों में से एक शेखर कपूर एक जीवनी बायोपिक फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं और मैं इसमें काम करने के लिए उत्सुक हूं। ऑस्कर विजेता फिल्म एलिजाबेथ का निर्देशन करने वाले शेखर कपूर फिल्म लिटिल ड्रैगन का निर्देशन करने के लिए तैयार है, जो ब्रूसली के जीवन पर आधारित है।

## सुशांत सिंह राजपूत हालीवुड जायेंगे, मगर शर्त ये है?

सुशांत सिंह राजपूत इन दिनों अपने आने वाली फिल्म राब्ता के प्रमोशन में व्यस्त हैं। सुशांत सिंह राजपूत को उनकी फिल्म एमएस धोनी द अनटोल्ड स्टोरी, के बाद अचानक ही काफी सफलता हासिल हुई है। वह लगातार अपनी फिल्मों से लोकप्रियता हासिल भी कर रहे हैं। हिंदी फिल्मों के अन्य कलाकारों की तरह क्या सुशांत सिंह भी हॉलीवुड फिल्मों में जाने का सपना देखते हैं? इस बारे में सुशांत खुद कहते हैं कि ऐसा नहीं है कि उन्हें हॉलीवुड में फिल्में करने में कोई परहेज होगा। लेकिन वह तभी वहां की फिल्में करना शुरू करेंगे, जब उन्हें लगेगा कि वह खुद इस काम के लिए सही हैं या नहीं। वरना वह



यूं ही नहीं हॉलीवुड के लिए कोशिशों में जुटने जायेंगे। हालांकि सुशांत कहते हैं कि अगर उन्हें कभी सामने से यह ऑफर मिला तो वह इसे कभी मना नहीं करेंगे। सुशांत का कहना है कि हॉलीवुड में भी ऐसे निर्देशक हैं, जिन्हें अगर एक्टर्स की तलाश होती है तो फिर वह किसी रेफरेंस की तलाश नहीं करते हैं, बल्कि मौके देते हैं। तो अगर उनके साथ भी ऐसा होता है कि उनके सामने कोई ऑफर आये तो उन्हें करने में कोई परेशानी नहीं होगी। लेकिन उन्होंने यह भी बताया कि वहां काम करने के लिए उस फिल्म में कहानी से सही कनेक्शन भी होना चाहिए। साथ ही मैं चाहता हूं कि मैं ऐसा किरदार निभाऊं, जिसके दौरान मैं वहां की स्किल को सीख पाऊं, तो मैं वहां काम करने के लिए पूरी तरह तैयार हूं। सुशांत कहते हैं कि वह कभी भी बॉक्स ऑफिस सक्सेस के बारे में नहीं सोचते हैं। चूंकि वह उन एक्टर्स में से एक हैं, जिन्हें एक्टिंग की फीस मिलती है और बॉक्स ऑफिस की कमाई का वह फायदा नहीं लेते। इसलिए उन्हें पैसे को लेकर उतनी दिक्कत नहीं होती है। सुशांत कहते हैं कि जिस दिन वह प्रोड्यूसर बनेंगे, उस दिन पैसे के बारे में या बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के बारे में सोचना शुरू करेंगे। फिलहाल अपनी फिल्म राब्ता के प्रमोशन में जुटे सुशांत की चाहत है कि वह ऐसे किरदार निभाते रहें, जिन्हें देख कर दर्शक हैरान होते रहें।

## हसीनाकी एक और तस्वीर जारी- भाई के साथ नजर आई श्रद्धा



आगामी 14 जुलाई को प्रदर्शित होने जा रही अपूर्व लखिया निर्देशित हसीना-द क्वीन ऑफ मुंबई में श्रद्धा कपूर अपने सगे भाई सिद्धार्थ कपूर के साथ नजर आने वाली हैं। वास्तविक जिन्दगी और परदे पर एक ही जिन्दगी जीते नजर आयेंगे यह दोनों सितारे। हसीना दाउद इब्राहिम की छोटी बहन की कहानी, जिसमें श्रद्धा कपूर तीन उम्र के पडाव परदे पर दिखायेंगी। किशोरावस्था, जवानी और ढलती जवानी को दर्शायेगी। जो तस्वीर वायरल हुई है उसमें श्रद्धा कपूर और सिद्धार्थ कपूर दोनों जवान नजर आ रहे हैं। हसीना पारकर मुंबई की लेडी डॉन के रूप में ख्यात रही थीं। हाल ही में श्रद्धा ने अपने भाई सिद्धार्थ कपूर का एक फोटो भी इंस्टाग्राम पर शेयर किया था। तस्वीर में सिद्धार्थ के यंगर और ओल्डर लुक का एक कोलाज था। इस तस्वीर में सिद्धार्थ डार्क सनग्लासेस लगाकर चेयर पर बैठे हुए हैं। फिल्म के लिए श्रद्धा ने अपना वजन भी करीब 15 के किलो के आस-पास बढाया है। इस फिल्म को नाहिद खान ने प्रोड्यूस किया है और फिल्म 14 जुलाई के दिन रिलीज होने वाली है।

## आलिया ने रिलीज किया सीता वॉरियर ऑफ मिथिला का ट्रेलर

बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट लोकप्रिय लेखक अमीष त्रिपाठी की आगामी किताब के ट्रेलर लांच में शामिल हुईं। त्रिपाठी की किताब सीता वॉरियर ऑफ मिथिला का ट्रेलर मंगलवार को यहां जुहू के ग्रंथ बुकस्टोर में लांच किया गया। लेखक ने आलिया भट्ट के साथ किताब के अनोखे ट्रेलर के जरिए निडर महिला योद्धा सीता की तस्वीर विजुअल का अनावरण किया। अमीष की किताब में सीता को एक मजबूत और आत्मनिर्भर महिला के रूप में दर्शाया गया है, सीता के इस रूप के चित्रण से पाठकों में किताब को लेकर उत्सुकता बढ़ गई है और नए ट्रेलर ने उत्सुकता को और ज्यादा बढ़ा दिया है। त्रिपाठी ने ट्रेलर के बारे में टिप्पणी करते हुए कहा, मैं इस ट्रेलर को लॉन्च करने और सीता की जैसी मेरी किताब में छवि है, वैसे ही ऑडियो-विजुअल छवि देने को लेकर बेहद खुश हूं।

## अपनी बीमारी पर सलमान ने दिया बयान - इमोशनल हो जाएंगे आप



सलमान खान ने अपने फेसियल डिसऑर्डर पर बयान दिया है। सलमान खान के बारे में हर कोई जानता है कि वो फेसियल डिस्ऑर्डर से ग्रसित हैं। इसमें चेहरे में बहुत अधिक दर्द होता है ।सलमान खान ने ट्यूबलाइट सॉन्ग के रिलीज के दौरान इस पर अपनी भावनाएं व्यक्त की। सलमान खान ने कहा कि हां मुझे फेसियल डिस्ऑर्डर है लेकिन इसकी वजह से मुझे प्रेरणा मिली है कि बहुत अधिक मेहनत करूं और पूरी तरह से एक्टिंग पर फोकस करूं। मुझे एहसास हुआ कि आप कितने भी दर्द में हो लेकिन इसे आप बहाना नहीं बना सकते कि आपको दर्द है, लिगामेंट में समस्या है या घुटनों में कुछ हो गया है। उन्होंने साथ ही ये भी कहा है कि फैन्स जब फिल्म देखने जाते हैं तो उन्हें नहीं याद रहता है कि कौन किस समस्या से जूझ रहा है। इसके साथ ही उन्होंने ये भी बताया कि इतना अधिक दर्द कि लोग दर्द से परेशान से होकर आत्महत्या भी कर लेते हैं। 26 जनवरी को यानी कि ईद पर सलमान खान की ट्यूबलाइट रिलीज होने वाली है। फैन्स बेसब्री से फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। फिल्म का नया रेडियो सॉन्ग भी लोगों को काफी पसंद आ रहा है।

## रजनीकांत के दामाद हॉलीवुड में बनेंगे फकीर

रजनीकांत के दामाद और साउथ के स्टार धनुष बॉलीवुड में भी जाना-माना नाम हैं। वह अब हॉलीवुड में पहचान बनाने जा रहे हैं। उनकी पहली हॉलीवुड फिल्म दि एक्स्ट्राऑर्डिनरी जर्नी ऑफ दि फकीर की शूटिंग के दौरान धनुष मुंबई की सड़कों पर नजर आए। लेखक रोमान पोर्टुलास की लिखी मशहूर नॉवेल पर आधारित इस फिल्म की शूटिंग मुंबई, पेरिस, ब्रूसेल्स और रोम में होगी।

## संजय लीला भंसाली के साथ पद्मवती के सेट पर भिड़े रणवीर!



रणवीर सिंह और संजय लीला भंसाली की आपस में पद्मावती के सेट पर बहस हो गई जिसके बाद रणवीर सेट छोड़कर चले गए। पिछले कुछ सालों से संजय लीला भंसाली की पहली पसंद रणवीर सिंह बन गए हैं। पहले रामलीला, फिर बाजीराव मस्तानी और अब पद्मावती दोनों की साथ में तीसरी फिल्म है। रणवीर सिंह और संजय लीला भंसाली एक दूसरे की तारीफ करते नहीं थकते हैं, लेकिन पद्मावती की शूटिंग के दौरान वो सब कुछ हो रहा है जो नहीं होना चाहिए। दरअसल हाल में ही पद्ममावती की शूटिंग के दौरान एक सीन को लेकर रणवीर सिंह और संजय लीला भंसाली में अच्छी खासी बहस हो गई। दोनों पहले सीन पर काफी देर तक चर्चा करते रहते और इसी चर्चा के दौरान ही बात इतनी आगे बढ़ गई कि बहस का मुद्दा बन गई। काफी देर तक बहस के बाद रणवीर सिंह सेट छोड़कर अपने वैनिटी वैन में चले गए और काफी देर तक वो वैनिटी वैन में ही रहे। थोड़ी देर बाद जब उनका गुस्सा शांत हो गया तो रणवीर सिंह वापस सेट पर लौट आए। वैसे एक्टर और डायरेक्टर में इस तरह की बहस अक्सर हो जाया करती है। ये कोई बड़ी बात नहीं है लेकिन रणवीर सिंह और संजय लीला भंसाली के बीच बहस की खबर जरूर चौंकाने वाली है। वैसे उम्मीद तो यही है कि दोनों के बीच सबकुछ ठीक हो जल्द से जल्द हो जाना चाहिए।

## तलाक के बाद मलाइका को खान से परहेज हो गया है



ये तो सभी को मालूम है कि अभिनेता अरबाज खान और अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा ने 11 मई को अपनी 18 साल पुरानी शादी को खत्म कर दिया है। बता दें कि अभिनेता अरबाज और मलाइका की तलाक की अर्जी कई दिनों से कोर्ट में अटकी हुई थी, हाल ही में कोर्ट ने अर्जी को मंजूर दे दी गई है। तलाक के बाद अब खबर आ रही हैं कि मलाइका तलाक से पहले खान सरनेम लगाने से परहेज नहीं था, लेकिन अब उन्हें खान से परहेज है। मलाइका को अपने नाम के पीछे खान लिखा जाना बिलकुल पसंद नहीं आ रहा है। हाल ही में एक इवेंट के दौरान जब मलाइका के साथ ऐसा हुआ तो वह काफी नाराज हो गई और आखिरकार इवेंट के आयोजकों को उनके नाम के पीछे से खान हटाना पड़ा।

## हर फिल्म में बदल जाती है अक्षय कुमार की हीरोइन, क्या है वजह?



जॉली एलएलबी 2 में अक्षय पहली बार हुमा कुरैशी के साथ देखे गए। वहीं टॉयलेट एक प्रेम कथा में वो भूमि पेडनेकर के साथ आ रहे हैं, वहीं पैडमैन में उनकी लीडिंग लेडी राधिका आप्टे हैं। पिछले कुछ सालों में रिलीज़ होने वाली अक्षय कुमार की फिल्मों पर अगर ग़ौर करें, तो एक समानता देखने को मिलती है। लगभग हर फिल्म में अक्षय एक नई हीरोइन के साथ पेयर अप होते हैं, जो स्टारडम के मामले में उतनी मशहूर नहीं होती, जितने खुद अक्षय हैं। इसके पीछे क्या वजह हो सकती हैं ये सोचने वाली बात है ।

## एयर होस्टेस को देखते ही दिल दे बैठे थे पंकज उदास- फैमिली थी शादी के खिलाफ



गजल गायक पंकज उधास आज अपना 66वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रहे हैं। उनका जन्म 17 मई, 1951 को जेतपुर, गुजरात में हुआ था। पंकज ने गजल की दुनिया में खूब नाम कमाया है, वहीं उनकी लव लाइफ भी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। बात 70 के दशक की है। पंकज ने अपने पड़ोसी के घर में फरीदा, जो अब उनकी वाइफ है, को देखा था और देखते ही वे उनको दिल दे बैठे थे। पड़ोसी ने ही पंकज और फरीदा की मुलाकात करवाई थी। इस वक्त पंकज ग्रैजुएशन कर रहे थे और फरीदा एयर होस्टेस थीं। दोनों में दोस्ती हुई और मुलाकातों का दौर शुरू हो गया। कुछ ही महीनों में दोनों एक-दूसरे के बेहद करीब आ गए थे। दोनों अलग-अलग धर्म के थे, लेकिन चाहते थे कि शादी फैमिली के आशीर्वाद से करें। पंकज की फैमिली का रिएक्शन उनके और फरीदा के रिलेशन को लेकर पॉजिटिव था। लेकिन फरीदा चूंकि पारसी कम्युनिटी से थी, इसलिए उनके पेरेंट्स को ऑब्जेक्शन था। इसकी वजह ये थी कि उनकी कम्युनिटी में जाति से बाहर शादी करने पर पांबदी थी। इस वजह से पंकज और फरीदा ने तय किया कि शादी तभी करेंगे, जब दोनों के पेरेंट्स का आशीर्वाद मिलेगा।

## कान्स के लिए दीपिका हैं पूरी तरह तैयार




दीपिका पादुकोण कान्स फिल्म फेस्टिवल में पहुंच चुकी हैं और वहां से उनकी कुछ नई तस्वीर आ चुकी है। और अब फैन्स को इंतज़ार है कि दीपिका पादुकोण किस लुक में कान्स के रेड कार्पेट पर नज़र आएंगी। दीपिका पादुकोण 70वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में शिरकत करने पहुंच चुकी हैं। सारे रास्ते दीपिका ने अपनी तस्वीरें बांटते हुए अपनी एक्साईटमेंट जारी कर दी थी और अब कान्स पहुंचने के बाद उनकी कुछ और नई तस्वीरें भी आई हैं जिसमें वो बेहद खूबसूरत लग रही हैं। दीपिका पादुकोण के फैन्स उन्हें रेड कार्पेट पर देखने के लिए काफी उत्साहित हैं और माना जा रहा है कि वो अपनी फिल्म रामलीला भी कान्स में प्रदर्शित करेंगी। गौरतलब है कि लॉरियल पेरिस की ब्रांड एंबेसडर ऐश्वर्या राय बच्चन, सोनम कपूर, दीपिका पादुकोण अंतर्राष्ट्रीय कलाकार जूलियन मरे, इवा लोंगोरिया के साथ 70वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में शिरकत करेंगी। दीपिका पादुकोण इन नई तस्वीरों में काफी खूबसूरत लग रही हैं। ऐसी उम्मीद लगाई जा रही थी कि ऐश्वर्या राय बच्चन, सोनम कपूर, दीपिका पादुकोण एक साथ मंच साझा करेंगी, लेकिन इन सब बातों पर विराम लग गया है।

## बेईमान कहने पर शिल्पा शेट्टी ने दिया 100 करोड़ मानहानि का नोटिस



फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा ने सरेआम बेईमान कहने वाले व्यवसायी रवि मोहनलाल भालौटिया को 100 करोड की मानहानि का लीगल नोटिस दिया है। इस नोटिस में इस सेलिब्रिटी जोडे ने स्वयं को बेईमान कहने का खंडन किया है। गौरतलब है कि कुछ समय पहले व्यवसायी रवि मोहनलाल भलौटिया ने फिल्म एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा को लीगल नोटिस दिया था। उन्होंने राज और शिल्पा पर 24 लाख की बेईमानी का आरोप लगाया था। यहां तक कि उन्होंने सरेआम उन्हें बेईमान कहा था। राज कुंद्रा ने इस बात का खंडन करते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। राज कुंद्रा और उनकी पत्नी शिल्पा शेट्टी ने खुद तो बात नहीं की लेकिन उनकी तरफ से बयान जरूर जारी हुआ जिसके मुताबिक इस खबर की पुष्टि हुई है। राज और शिल्पा ने रवि मोहनलाल भलौटिया के ऊपर 100 करोड की मानहानि का दावा किया है।


## शाहरुख खान को अंग्रेजी नहीं आती?



हाल ही में वेंकुवर में शाहरुख खान ने टेड टॉक्स शो में स्पीच दी। यह पूरी तरह इंग्लिश में बोली गई और इसमें शाहरुख के लिए खूब तालियां भी बजीं, लेकिन इतना इंप्रेस करने के बावजूद शाहरुख खान अब अंग्रेजी को लेकर ही ट्रोल हो रहे हैं। दरअसल, शाहरुख खान का हंस राज कॉलेज का एडमिशन फॉर्म सामने आया है और अंग्रेजी में कम नंबर की वजह से यह वायरल हो गया है। उन्हें इंग्लिश में 51 नंबर मिले हैं, शाहरुख खान का यह फॉर्म डी यू टाईम्स् के फेसबुक पेज पर शेयर किया गया है। मजेदार बात ये है कि शाहरुख खान को इंग्लिश में बेहतरीन स्पीच देने के लिए मशहूर हैं जिसमें मजाक और गहराई एक साथ होती हैं। अब आप पूछेंगे कि कैसे सामने आया ये फॉर्म? तो आप को बता दें कि इंडियन एक्सप्रेस की खबर के मुताबिक, डीयू के ऑनलाइन पोर्टल के हेड मिल्हाज हुसैन ने बताया कि शाहरुख का यह एडमिशन फॉर्म एकदम सही है और इसे सोशल मीडिया पर इस वजह से डाला गया था ताकि कम नंबर पाने वाले स्टूडेंट्स को इससे इंस्पिरेशन मिले, और इससे फायदा भी हो रहा है।

## बाहूबली के लिए इनने कर दिया था मना





मुंबई। कमाई की लिहाज से भारत की सबसे सफल फिल्म न चुकी बाहुबली 2 ने रिलीज के 17 वें दिन तक वर्ल्डवाइड 1400 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है। एक पॉपुलर अखबार की रिपोर्ट्स के मुताबिक, राजामौली पहले यह फिल्म ऋतिक रोशन को लेकर हिंदी में बनाने वाले थे। उनकी प्लानिंग थी कि इसे बाद में दूसरी भाषाओं में डब किया जाएगा। जब ऋतिक रोशन ने फिल्म में काम करने से मना कर दिया तो उन्होंने इसमें प्रभास को ले लिया। हालांकि राणा दग्गुबती ने ट्वीट कर कहा है कि बाहुबली के रोल के लिए प्रभास स्क्रिप्ट स्टेज से ही थे, जबकि उनके बाद मैं भल्लालदेव के रोल के लिए चुना गया था। अनुष्का शेट्टी से पहले देवसेना के रोल के लिए साउथ एक्ट्रेस नयनतारा को अप्रोच किया गया था। हालांकि नयनतारा ने किन्हीं कारणों की वजह से यह रोल करने से मना कर दिया। बाद में इसे अनुष्का शेट्टी ने बखूबी निभाया।